समाचार

महापौर ने विभिन्न घाटों पर पहुंचकर दिया उगते सूर्य को अर्ध्य

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने दी छठ महापर्व की शुभकामनाएं)

(उगते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद सूर्य उपासना का महापर्व छठव्रत सम्पन्न)

कोरबा 21 नवम्बर 2020 –सूर्य उपासना का महापर्व छठ उगते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद आज सम्पन्न हुआ। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने विभिन्न घाटों पर पहुंचकर भगवान सूर्यनारायण की पूजा अर्चना की तथा उगते सूर्य को अर्ध्य देकर नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। महापौर श्री प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने सूर्य उपासना के महापर्व छठव्रत की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं नागरिकबंधुओं को देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख समृद्धि व नगर के अमनचैन की कामना की है।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अंतिम दिवस आज उगते सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा अर्चना की गई। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर उगते सूर्य का अर्ध्य दिया एवं पूजा अर्चना की तथा नागरिकबंधुओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख समृद्धि की कामना की। महापौर श्री प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने महापर्व छठ पूजा की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होने छठ माता से सभी उपासकों एवं नागरिकबंधुओं की मनोकामना पूर्ण करने, उन्हें उत्तम स्वास्थ प्रदान करने तथा क्षेत्र व प्रदेश में अमनचैन व सुख शांति की कामना की है। आज छठ महापर्व के अंतिम दिवस महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सीतामणी एवं सर्वमंगला मंदिर के पास स्थित हसदेव नदी घाट, ढेगुरनाला घाट, बालको राममंदिर छठघाट, दर्री डेम छठघाट, एच.टी.पी.पी. रिटर्न केनाल छठघाट पर उगते सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा अर्चना की तथा वहां पर उपस्थित उपासकों व समस्त नागरिकबंधुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनील पटेल, कृपाराम साहू, अवधेश सिंह, सरवजीत सिंह, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, एफ.डी. मानिकपुरी, मनीष शर्मा, बच्चू सिंह, सांवरे महाराज, रवि खुंटे, राहुल यादव, बंटी शर्मा, फिरतराम साहू, मुकेश

भारती, राकेश तांती, राकेश पंकज, बनवारी आदित्य, हिमांशु सिंह, पीयूष पाण्डेय, बसंत राय, विनय राय आदि के साथ बड़ी संख्या में पूर्वांचलवासी एवं काफी संख्या में गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए।